प्रतिलिपि द्वारा प्रार्थना पत्र संख्या......3/-4-3
तारीख फैसला - 10-5-2010 Enclosure-13

2

न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर मुजफ्फरनगर।

वाद सं0–76/09–10 — अन्तर्गत धारा–143 ज0वि0अधि0
मौजा–तावली — परगना– बघरा
मरियम एजूकेशन सोसाइटी आदि बनाम सरकार

नकल - आदेश - दिनांक 10-5-2010

मरियम एजूकेशन सोसाइटी डी/सी–17 ईस्ट एण्ड आर्फ अन्सल ट्रानिका सिटी लोनी गाजियाबाद द्वारा सचिव श्रीमती निशा चौधरी पत्नी चैयरमैन लुकमान अली निवासी डी/सी–17 ईस्ट एण्ड आर्फ अन्सल ट्रानिका सिटी लोनी गाजियाबाद व कोषाध्यक्ष डा0 अनिल सक्सैना पुत्र शिवप्रसाद सक्सैना निवासी लवकुश हॉस्पिटल करावल नगर नई दिल्ली–94 ने अपनी भूमि स्थित ग्राम तावली तहसील व जिला मु0नगर खाता संख्या–161 के खसरा नम्बर–257म रकबा 0.8200है0 लगान 40.49 रूपये पर कृषि कार्य न होने के कारण अकृषिक उद्घोषित किये जाने हेतु अभ्यर्थना की गयी है।

उक्त प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार सदर की जांच आख्या एवं संस्तुति दिनांक 05–05–2010 प्राप्त हुई। जिसके अवलोकन से विदित है कि ग्राम तावली स्थित भूमि खाता संख्या–161 के खसरा नम्बर–257म रकबा 0.8200 है0 लगान 40.49 रूपये पर अभिलेखो में प्रार्थीगण का नाम संक्रमणीय भूमिधर अंकित है। प्रश्नगत भूमि पर वर्तमान में कृषि कार्य बन्द कर दिया गया है, तथा स्कूल के प्रयोजनार्थ प्रस्तावित हैं। मौके पर भूमि खाली है। उक्त भूमि पर भविष्य में कृषि कार्य की संभावना नही हैं। उक्त भूमि विकास प्राधिकरण में प्रस्तावित नहीं हैं। उक्त भूमि को धारा 143 ज0वि0अधि0 के अन्तर्गत अकृषिक उद्घोषित करने की संस्तुति की गयी है। तहसीलदार सदर के द्वारा अपनी आख्या के साथ हाल खतौनी, जोत चक0 आकार पत्र 41 व 45 की सत्य प्रतिलिपि तथा नियम 135 की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गयी है। जिसमें प्रश्नगत क्षेत्रफल पर कृषि कार्य न किये जाने का उल्लेख किया गया है। प्रश्नगत भूमि विकास प्राधिकरण में प्रस्तावित भूमि नहीं है।

मैने पत्रावली एवं उपलब्ध भू अभिलेखो का अवलोकन किया जिससे विदित है कि प्रश्नगत भूमि पर कृषि कार्य नही हो रहा है और उक्त भूमि पर प्रार्थीगण का नाम राजस्व अभिलेखो में बतौर संक्रमणीय भूमिधर अंकित है। यह भूमि वर्तमान में कृषि कार्य, पशुपालन, मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन, बागवानी आदि कार्य में प्रयोग नही हो रही है। पत्रावली पर उपलब्ध जोत चकबन्दी आकार पत्र 41 व 45 एवं तहसील आख्या से स्पष्ट है कि प्रश्नगत भूमि सार्वजनिक उपयोग की भूमि नहीं है। इस प्रकार उपरोक्त भूमि को जमींदारी विनाश अधि0 की धारा 143 के अन्तर्गत अकृषिक भूमि उद्घोषित किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः तहसीलदार सदर की आख्या एवं संस्तुति दिनॉक 05–05–2010 के आधार पर ग्राम तावली स्थित भूमि खाता सख्या 161 के खसरा नम्बर–257म रकबा 0.8200है0 लगान 40.49 रूपये को जमीदारी विनाश अधिनियम की धारा 143 के अन्तर्गत अकृषिक भूमि उद्घोषित करते हुए लगान से मुक्त किया जाता है। तदनुसार परवाना अमलदरामद जारी हों। आदेश की एक प्रति उपनिबन्धक तहसील सदर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जाये। बाद दर्ज कर पत्रावली राजस्व अभिलेखागार में संचित हो।

दिनॉक–10 –05–2010

(सन्त कुमार)
उप जिलाधिकारी सदर
मुजफ्फरनगर।

कार्यालय जिलाधिकारी सुरक्षालय कलेक्ट्रेट, मुजफ्फरनगर

नकल कर्ता.........PS.........
तुलना कर्ता/जांचकर्ता.........
जारी कर्ता.........
शब्द.........257 600
प्रा0 पत्र का दिनांक....3-12-2022
नोटिस का दिनांक....19-12-22
जारी का दिनांक....20-12-2022
स्टाम्प..........13.7.........

Zubair
Principal
Aman College of Pharmacy
Tawli, Muzaffarnagar

सत्य प्रतिलिपि
19/12/22
राजस्व अभिलेखपाल, राजस्व सुरक्षालय
कलेक्ट्रेट, मुजफ्फरनगर



04/13

Zubair
Principal
Aman College of Pharmacy
Tawli, Muzaffarnagar

प्रतिलिपि द्वारा प्रार्थना पत्र संख्या...3244

तारीख (फैसला) — 21-2-2017

न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर जिला मुजफ्फरनगर।

वाद सं0:टी 20170955301363/2017 धारा 80 उ0प्र0राजस्व संहिता–2006

ग्राम–तावली परगना–बघरा

मरियम एजूकेशनल सोसायटी बनाम सरकार

द्वारा सचिव निशा चौधरी

नकल आदेश

दिनांक 21.02.2017

पत्रावली प्रस्तुत। तहसीलदार सदर की आख्या दिनांक 16.02.2017 का अवलोकन किया गया। अवलोकन उपरान्त ग्राम तावली परगना बघरा तहसील व जिला मुजफ्फरनगर स्थित भूमि खाता संख्या–182 के खसरा नम्बर–257/1 रकबई 3.258 है0 लगान 161.40 रूपए सालाना का कुल हक व हिस्सा 615/3258 यानि 0.615 है0 लगान 30.41 रूपए को उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 80(1) के अन्तर्गत अकृषिक घोषित किया जाता है। पत्रावली बाद पूर्ति अभिलेखागार संचित की जाए।

21/2/17

(राम अवतार गुप्ता)
उप जिलाधिकारी सदर
मुजफ्फरनगर

कार्यालय जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट, मुजफ्फरनगर

Zubair
Principal
Aman College of Pharmacy
Tawli, Muzaffarnagar

नकल कर्ता........PG........
तुलना कर्ता/जांचकर्ता........
जारी कर्ता........
शब्द........287 150
प्रा0 पत्र का दिनांक........3-12-2022
नोटिस का दिनांक........19-12-22
जारी का दिनांक........20-12-2022
स्टाम्प........137........

सत्य प्रतिलिपि
19/12/22
राजस्व अभिलेखपाल, राजस्व सुरक्षालय
कलेक्ट्रेट, मुजफ्फरनगर

Principal
Aman College of Pharmacy
Tawli, Muzaffarnagar